दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 15/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार विधान परिषद की एक रिक्त सीट के लिए हो रहे उपचुनाव के परिणाम पर रोक लगा दी है। राजद के बर्खास्त विधान पार्षद सुनील कुमार सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने यह आदेश सुनाया। मामले की कल भी सुनवाई होगी। गौरतलब है कि सुनील कुमार सिंह को विधान परिषद की कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नकल करने के मामले में स्थायी रूप से निष्कासित कर दिया गया था। इस सीट के लिए हो रहे उपचुनाव के लिए केवल जदयू से ललन प्रसाद ने नामांकन पत्र भरा है। कल नाम वापसी की अंतिम तिथि है, जिस कारण कल ही उनके निर्विरोध निर्वाचन की आधिकारिक घोषणा होनी थी।

———————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं संयुक्त एकीकृत प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर पटना उच्च न्यायालय में दायर याचिका पर कल सुनवाई होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चन्द्रन की विदाई समारोह के कारण याचिका पर आज सुनवाई नहीं हो सकी।

---

प्रधानमंत्री गति शक्ति परियोजना के तहत सोनपुर रेलमंडल में तिरेसठ रेल ओवर ब्रिज के निर्माण को मंजूरी मिली है। मंडल के डीआरएम विवेक भूषण सूद ने बताया कि रेलवे बोर्ड ने इसकी मंजूरी दे दी है और रेलवे के निर्माण विभाग की ओर से प्रस्तावित ओवर ब्रिज की डीपीआर बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि एक रेल ओवर ब्रिज के निर्माण पर लगभग चालीस करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

---

आज सेना दिवस है। आज का दिन भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को समर्पित है। आज ही के दिन वर्ष उन्नीस सौ उनचास में के.एम. करियप्पा

ने भारतीय सेना के पहले कमांडर इन चीफ के रूप में पदभार संभाला था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष–सी.डी.एस. जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख ने इस अवसर पर सेना को शुभकामनाएं दी हैं।

————————————————————

पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड और कुहासे की चपेट में है। अधिकांश स्थानों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अंतर कम होने से ठंड का एहसास अधिक हो रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ दशमलव दो डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान तेरह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चार दिनों तक मौसम में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। सुबह के समय अधिकांश स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाये रहने की संभावना है।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में बिहार विधानसभा के अतिथिशाला का उद्घाटन किया। अतिथिशाला में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कमरे और मीटिंग हॉल उपलब्ध है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

अगामी बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए अठारह जनवरी को पटना स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय संयोजक प्रतिमा कुमारी दास ने समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी।

---

सुपौल के भीमपुर थाना क्षेत्र में एनएच सत्ताईस पर सड़क हादसे में एक दंपति की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

---

बांका जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों से उत्पाद विभाग की टीम ने आठ लोगों को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, पश्चिम चंपारण जिले के भंगहा थाना क्षेत्र से पुलिस और एसएसबी की टीम ने एक तस्कर को भारी मात्रा में गांजा के साथ गिरफ्तार किया।

---

समाप्त